प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिन के ग्यारह बजे से परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में झारखंड समेत पूरे देश के विद्यार्थियों से करेंगे संवाद, राज्यभर के छात्र उत्साहित।
2. झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ में हुई पुलिस मुठभेड़ में 31 माओवादी मारे गए, गृह मंत्री अमित शाह ने अगले साल 31 मार्च तक नक्सलवाद खत्म करने का संकल्प दोहराया।
3. बीएयू एग्रोटेक मेले का आज तीसरा और अंतिम दिन, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार समापन समारोह में होंगे शामिल।
4. हजारीबाग पुलिस को अवैध अफीम की खेती के खिलाफ मिली बड़ी सफलता, दो दिनों में 145 एकड़ फसल की नष्ट।
5. राज्य में फिर दिखेगा पश्चिमी विक्षोभ का असर, आज और कल छा सकते हैं आंशिक बादल

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में आज सुबह 11 बजे झारखंड समेत पूरे देश के विद्यार्थियों के साथ संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री परीक्षा की तैयारियों, तनाव से निपटने और व्यक्तिगत विकास पर अपने विचार साझा करने के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, स्वयं प्रभा, स्वयं प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल, शिक्षा और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जाएगा।

झारखंड के विभिन्न स्कूलों में भी परीक्षा पे चर्चा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्कूली बच्चे, अभिभावक और शिक्षक भी इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित हैं।

******************

गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के विरूद्ध चलाए गए अभियान में प्राण न्यौछावर करने वाले दो सुरक्षाकर्मियों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अगले वर्ष 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने का संकल्प दोहराया। गौरतलब है कि झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ के बीजापुर में कल हुई मुठभेड़ में 31 माओवादी मारे गए जबकि 2 सुरक्षाकर्मी भी शहीद हुए है।

******************

रांची के कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेले का आज तीसरा और अंतिम दिन है। दोपहर होने वाले समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कल महिला कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया था, साथ ही पशु पक्षी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया था।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज प्रयागराज में महाकुंभ में गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगी। राष्ट्रपति अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर के भी दर्शन करेंगी। वे डिजिटल महाकुंभ केंद्र में आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाकुंभ की गहनता के बारे में जानकारी लेंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

******************

रांची समेत राज्य के 14 जिलों पाकुड़, कोडरमा, सिमडेगा, गुमला, साहिबगंज, देवघर, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रामगढ़ और लोहरदगा में आज से 25 फरवरी तक फाइलेरिया रोधी विशेष अभियान

चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पाकुड़, कोडरमा और सिमडेगा में आइडीए के तहत तीन प्रकार की दवा एल्बेंडाजोल, डीईसी के साथ आइवरमेक्टिन खिलायी जाएगी, जबकि रांची, गुमला, साहिबगंज, देवघर, धनबाद, बोकारो, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रामगढ़ और लोहरदगा में सिर्फ एल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलायी जाएगी। धनबाद जिले में 26 लाख से अधिक लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्र भानु प्रतापन ने फाइलेरिया से बचाव के लिए सभी से दवा के सेवन की अपील की है।

गौरतलब है कि वर्ष 2027 तक केन्द्र सरकार ने फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है।

******************

अवैध अफीम की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में हजारीबाग पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चौपारण इलाके के जंगलों में दो दिवसीय अभियान चलाकर कुल 145 एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल नष्ट की है। इस अभियान में पुलिस और वन विभाग ने साथ कार्रवाई की। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अवैध अफीम की खेती में संलिप्त लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

******************

राँची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से फरार पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को हजारीबाग पुलिस ने राँची पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि हजारीबाग सदर एसटीपीओ अमित आनंद ने की है द्य उन पर पत्नी को जलाकर मारने का आरोप था।

******************

राजधानी रांची के होटवार स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आज से पंद्रह फरवरी तक 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पुलिस ड्यूटी मीट का उदघाटन करेंगे, जबकि समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे।

******************

लोहरदगा जिले मे वार्षिक माध्यमिक परीक्षा और वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

******************

राज्यभर में आनेवाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ का असर फिर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है कि झारखंड के उत्तरी और मध्य भागों में आंशिक बादल रहने की संभावना है, साथ ही न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री बढ़ेगा।

******************

और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने पुलिस ने छत्तीसगढ़ में 31 नक्सलियों को मार गिराया की इस खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

हिंदुस्तान ने लिखा है–छत्तीसगढ़ में 31 नक्सली मारे गए, दो जवान शहीद।

दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण की सुर्खी है– बीजापुर में 31 नक्सली ढेर, दो जवान भी शहीद।

प्रभात खबर ने लिखा है– नहीं पहुंच रहा घर तक जल, 8 जिलों में जल मिशन का काम ठप, राज्य ने केंद्र से मांगे पैसे।

रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर कवायद तेज।

*************